::आदेश::

भारत सरकार पर्यावरण ,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय(उत्तर–कन्द्रीय क्षेत्र) 25 सुभाष रोड़ देहरादून के पत्र सं0 8बी/यू0सी0पी0/06/ 101/2019/एफ0सी0/401 दिनांक 29.05.2018 के द्वारा जनपद–टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत आमसारी से हाडीसेरा मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.295 है0 वन भूमि पर गैर वानिकी कार्यो के दृष्टिगत लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के फलस्वरूप क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु ग्राम भैसर्क पट्टी धमान्दस्यूं की 2.59 है0 सिविल भूमि (उत्तराखण्ड सरकार के स्वामित्व) का हस्तान्तरण वन विभाग के पक्ष में किये जाने हेतु उप जिलाधिकारी नरेन्द्रनगर के पत्र संख्या–1588/र0का0(भूमि हस्तान्तरण) –2019, दिनांक नरेन्द्रनगर ,26 नवम्बर 2019 के अन्तर्गत तहसील नरेन्द्रनगर की भूमि निम्नवत् प्रस्तावित की गई है।

| ग्राम | पट्टी | खाता संख्या | खसरा संख्या | अर्जित रक्बा(हे0में) | भूमि की किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| भैसर्क | धमान्दस्यूं | 08 | 118मध्ये | 2.59है0 | उत्तराखण्ड सरकार वर्ग 9(3)ड. |
| योग– | | | | 2.59 है0 | |

प्रस्तावित आमसारी से हाडीसेरा मोटर मार्ग के निर्माण हेतु क्षतिपूरक वृक्षारोपण के दृष्टिगत शासनादेश संख्या –2882/XVIII(II)/ 11–18(120)/2010 राजस्व अनुभाग–2 दिनांक 11 नवम्बर 2011 एवं शासनादेश संख्या –2365/XVIII(II)/13-18 (120)/2010 टी0सी0 दिनांक 14 अक्टूबर 2013 के द्वारा प्राप्त दिशा–निर्देशानुसार प्रस्तावित वन भूमि के सापेक्ष दुगुनी सिविल भूमि वन विभाग के नाम प्रत्यावर्तित किया जाना है।

अतएव शासनादेश संख्या 2173/XVIII(II)/2012–18(120)/2010राजस्व अनुभाग –2 दिनांक 17 दिसम्बर 2012 के क्रम में उप जिलाधिकारी नरेन्द्रनगर के द्वारा प्रस्तावित किये गये ग्राम भैसर्क पट्टी धमान्दस्यूं के खाता संख्या–08 के खसरा नम्बर 118 मध्ये रक्बा 2.59 है0 (दो दशमलव पांच नौ है0) श्रेणी 9(3)ड. (राजस्व विभाग के नियन्त्रणाधीन) सिविल भूमि उल्लिखित शासनादेशों के आलोक में व्यापक जनहित के दृष्टिगत वन विभाग उत्तराखण्ड के पक्ष में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु अन्तरित की जाती है। तहसीलदार नरेन्द्रनगर तत्काल उक्त भूमि को राजस्व अभिलेखों में नामान्तरित /इन्द्राजी करना सुनिश्चित करें।

यह आदेश मा0 उच्चतम न्यायालय/मा0 उच्च न्यायालय एवं उत्तराखण्ड शासन द्वारा निर्गत आदेशों के अधीन होगा, तथा याचक विभाग को निर्गत आदेश का अनुपालन करना होगा।

(डा0वी0षणमुगम)
जिला अधिकारी
टिहरी गढ़वाल।

**कार्यालय जिला अधिकारी टिहरी गढ़वाल।**

संख्या– 478 /XI–ALC-II (2018–19)दिनांक,नई टिहरी,फरवरी,10 ,2020

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– सचिव,वन विभाग, उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
2– आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद देहरादून।
3– आयुक्त गढ़वाल मण्डल पौड़ी।
4– नोडल अधिकारी,वन भूमि हस्तान्तरण वन विभाग उत्तराखण्ड देहरादून।
5– प्रभागीय वनाधिकारी नरेन्द्रनगर वन प्रभाग मुनिकीरेती।
6– अधिशासी अभियन्ता,नि0ख0 लो0नि0वि0 नरेन्द्रनगर।
7– उप जिलाधिकारी नरेन्द्रनगर।
8– तहसीलदार नरेन्द्रनगर को अनुपालनार्थ प्रेषित।

जिला अधिकारी
टिहरी गढ़वाल।